हिन्दी सान्ध्य दैनिक

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष : 02 | अंक : 115 | जौनपुर, शनिवार 20 जनवरी 2024 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज – 4 | मूल्य : 2 रूपया

## गन्ना किसानों से मिले सीएम योगी, बोले, भाजपा सरकार में समृद्ध और खुशहाल है किसान



एजेन्सी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि 2017 से पहले कर्ज में डूबा किसान आत्महत्या के लिए मजबूर था, जबकि भाजपा सरकार की नीतियों से किसानों की आमदनी में इजाफा हुआ है और वह खुश एवं संपन्न जीवन जी रहा है। सीएम योगी ने गन्ना किसानों से संवाद करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने प्रदेश के 86 लाख किसानों का कर्ज माफ किया है जबकि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश के किसान आत्महत्या करने को मजबूर थे। वह कर्ज में डूब हुए थे। खेती के लिए बिजली, खाद और सिंचाई की कोई व्यवस्था नहीं थी। सीएम योगी ने कहा, पिछली सरकारों की अनदेखी से चीनी मील बंद हो रही थीं। हमारी सरकार सत्ता में आई तो मुश्किल से 110 चीनी मिलें चल रहीं थी। उन पर भी वर्ष 2010 से 2017 के बीच गन्ना मूल्य का बकाया था। हमने सबसे पहले गन्ना किसानों के बकाया का भुगतान किया और 120 चीनी मिलें को संचालन कराया। इतना ही नहीं कोरोना के दौरान जब देश के अन्य राज्यों में चीनी मीलें बंद हो रहीं थीं तो प्रदेश मजबूती के साथ चीनों मिलों को चला रहा था। पिछले साढ़े छह वर्षों में डबल इंजन की सरकार ने लगभग 7 लाख करोड़ की राशि सीधे अन्नदाता के खाते में भेजी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हमारी सरकार आई तो गन्ना किसानों को गन्ने का समर्थन मूल्य 315 रुपये प्रति कुंतल दिया जाता था, लेकिन वह पैसा भी उनको नहीं मिल पाता था। इस पर हमने काम शुरू किया और आज 120 चीनी मिलों में 105 चीनी मिलें 10 दिन के अंदर गन्ना मूल्य का भुगतान कर रहीं हैं। इसे शत प्रतिशत करने पर युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। आज गन्ना किसानों को गन्ने का समर्थन मूल्य 370 रुपये प्रति कुंतल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले गन्ना किसानों को एसएपी में बढ़ोतरी का उपहार दिया है क्योंकि भगवान की पूजा से पहले अन्नपूर्णा देवता को भोग लगाया जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने यह फैसला लिया। सीएम ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ उनके साथ खड़ी है। गत वर्ष हमने आम के चार किसानों को मास्को भेजा था। यहां पर जो आम 40 से 50 रुपये किलो बिक रहा था, वहीं मास्को बाजार में पहुंचा तो 800 से लेकर 1000 प्रति किलो में बिका। इससे अन्नदातों की आय में बढ़ोतरी हो रही है और वह समृद्ध हो रहे हैं। यह डबल इंजन की सरकार की किसानों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वर्तमान पीढ़ी सौभाग्यशाली है, जो 500 वर्षों के बाद 22 जनवरी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की साक्षी बनेगी। ऐसे में प्रदेश के सभी अन्नादाता किसानों को टेलीविजन के माध्यम से जुड़ना चाहिये। गांव में जगह–जगह पर भंडारा कराएं और मंदिरों में हो रहे संकीर्तन में शामिल हों।

## सोलापुर रैली में भावुक हुए पीएम मोदी, रोते हुए बोले, काश बचपन में मुझे भी ऐसे घर में रहने का मौका मिलता



एजेन्सी

सोलापुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज महाराष्ट्र के सोलापुर में पीएम आवास योजना के बारे में बात करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने कहा काश, बचपन में मुझे भी ऐसे घर में रहने का मौका मिला होता। उन्होंने कहा आज पीएम आवास योजना के तहत बनी देश की सबसे बड़ी सोसायटी का उद्घाटन किया गया है। आवास योजना के लाभार्थियों में हथकरघा श्रमिक, विक्रेता, पावरलूम श्रमिक, कचरा बीनने वाले, बीड़ी श्रमिक और ड्राइवर शामिल हैं। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा, मुझे खुशी है कि हमने सोलापुर के हजारों गरीबों और मजदूरों के लिए जो संकल्प लिया था, वह आज पूरा हो रहा है। जिस दिन मैं इस परियोजना का शिलान्यास करने आया था, मैंने आपको गारंटी दी थी कि मैं जल्द ही आऊंगा और आपको अपने घरों की चाबियां दूंगा। प्रधानमंत्री ने कहा याद रखें, मोदी की गारंटी का मतलब है शगारंटी के पूरे होने की गारंटी! भगवान राम ने हमें किए गए वादों का सम्मान करना सिखाया और हम गरीबों के कल्याण और उनके सशक्तीकरण के लिए निर्धारित सभी लक्ष्यों को पूरा कर रहे हैं। आवास योजना के बारे में बोलते हुए पीएम मोदी भावुक हो गए और रुंधे गले से कहा कि काश ! उन्हें युवा अवस्था में ऐसे घरों में रहने का अवसर मिला होता। उन्होंने कहा, ''खुशी तब मिलती है जब लोगों के सपने सच होते हैं। उनका आशीर्वाद मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। जिन लोगों को मकान मिले हैं, उनसे 22 जनवरी को राम ज्योति जलाने की अपील करते हुए मोदी ने कहा कि यह उनके जीवन से गरीबी मिटाने की प्रेरणा होगी। उन्होंने कहा, ''भगवान राम ने वह काम किया जिससे उनके लोगों को खुशी मिली। मेरी सरकार गरीबों के कल्याण और सशक्तीकरण के लिए समर्पित है। हमने उनकी कठिनाइयों को कम करने के लिए योजनाएं शुरू कीं। उन्होंने गरीबों के कल्याण के प्रति सरकार के समर्पण और उनके जीवन को आसान बनाने के लिए योजनाओं के कार्यान्वयन पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि 'गरीबी हटाओश पहले सिर्फ एक नारा था क्योंकि योजनाएं लाभार्थियों तक नहीं पहुंचती थीं। 'आधी, रोटी खायेंगेश के नारे को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी गारंटी के तहत आप पूरी रोटी खाएंगे। मोदी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार की नीयत, नीति और निष्ठा स्पष्ट नहीं थी लेकिन उनकी सरकार की नीयत स्पष्ट है, जबकि नीति लोगों को सशक्त करने के लिए है और निष्ठा राष्ट्र के प्रति है। पीएम मोदी ने महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के तहत पूरे किए गए 90,000 से अधिक घरों को भी लाभार्थियों को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने सोलापुर में रायनगर हाउसिंग सोसाइटी के 15,000 घरों को समर्पित किया, जिनके लाभार्थियों में हजारों हथकरघा श्रमिक, विक्रेता, बिजली करघा श्रमिक, कूड़ा बीनने वाले, बीड़ी श्रमिक और चालक शामिल हैं। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र में पीएम–स्वनिधि के 10,000 लाभार्थियों को पहली और दूसरी किस्त के वितरण की भी शुरुआत की।

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की राहुल गांधी की सदस्यता बहाली याचिका, पिटीशनर पर लगाया 1 लाख का जुर्माना



एजेन्सी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता बहाल करने की सात अगस्त 2023 की अधिसूचना रद्द करने की मांग वाली एक याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने लखनऊ के वकील अशोक पांडे की याचिका खारिज करने के साथ–साथ उन्हें आदेश दिया कि इस अदालत का समय बर्बाद करने के एवज (जुर्माने की तरह) में वह एक लाख रुपए जमा करा दें। पीठ ने पांडे की याचिका को श्तुच्छश बताते हुए कहा कि इस तरह की याचिकाओं का मतलब केवल शीर्ष अदालत और इसकी रजिस्ट्री का कीमती समय बर्बाद करना है। राहुल गांधी की 'मोदीश उपनाम को लेकर 2019 में की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के आपराधिक मानहानि मामले में 2023 में दो साल की जेल की सजा के बाद लोकसभा की सदस्यता समाप्त कर दी गई थी। इस मामले में उन्होंने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटा आया था, जहां उन्हें राहत मिली। शीर्ष अदालत ने पिछले साल अगस्त में राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल कर दी थी। अदालत ने तब कांग्रेस नेता की सजा पर इस आधार पर रोक लगा दी थी कि निचली अदालत यह बताने में विफल रही कि राहुल गांधी कानून के तहत अधिकतम सजा के हकदार क्यों थे। शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा था कि राहुल गांधी की (लोकसभा सदस्यता की) अयोग्यता जारी रहने से उनके निर्वाचन क्षेत्र के लोग संसद में उचित प्रतिनिधित्व से वंचित हो जाएंगे। पीठ ने कहा कि अदालत ने अक्टूबर 2023 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता मोहम्मद फैजल की लोकसभा सदस्यता की बहाली को चुनौती देने के लिए वकील याचिकाकर्ता अशोक पांडे की एक इसी तरह की जनहित याचिका को खारिज कर दिया था और उन पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। पांडे ने अपनी याचिका में दावा किया था कि दोषसिद्धि और सजा के आधार पर अयोग्यता तब तक लागू रहेगी जब तक कि इसे अपील में रद्द नहीं कर दिया जाता। उन्होंने राहुल गांधी की वायनाड संसदीय लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र की रिक्तता को अधिसूचित करने और वहां नए सिरे से चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग को निर्देश देने की भी मांग अदालत से की थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि प्रत्येक याचिका को अदालत की रजिस्ट्री में कई सत्यापन अभ्यासों से गुजरना होगा। अदालत ने कहा कि वादियों को जनहित याचिका (पीआईएल) के अधिकार क्षेत्र का दुरुपयोग करने से रोकने के लिए ऐसी याचिका पर अनुकरणीय जुर्माना लगाया जाना चाहिए।

## मेरा पहला वोट मोदी को हैशटैग के साथ फर्स्ट टाइम वोटर्स को लुभा रही है भाजपा

एजेन्सी

नई दिल्ली। आगामी लोक सभा चुनाव में फर्स्ट टाइम वोटर्स को लुभाने के लिए भाजपा देशव्यापी अभियान चला रही है। भाजपा का युवा मोर्चा श्नमो नवमतदाता अभियानश के अंतर्गत पहले से ही देश के स्कूल–कॉलेजों, शैक्षणिक संस्थानों, खेल के मैदानों और कोचिंग सेंटरों से लेकर घर–घर तक अभियान चला कर 18–23 वर्ष के युवाओं को पार्टी के साथ जोड़ने का अभियान चला रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 जनवरी को देश के सभी विधान सभा क्षेत्रों सहित 5 हजार स्थानों पर एकत्र हुए फर्स्ट टाइम वोटर्स यानी नव मतदाताओं के राष्ट्रीय सम्मेलन नमो नवमतदाता सम्मेलन को वीडियो कांफ्रेंसिंग से संबोधित करेंगे। पार्टी ने इस सम्मेलन के लिए युवा मोर्चा को देश के इन 5 हजारों स्थानों में से प्रत्येक स्थान पर कम से कम एक हजार युवाओं को एकत्र करने का लक्ष्य दिया है ताकि इन सभी 5 हजार स्थानों पर कुल मिलाकर 50 लाख नए मतदाता एकत्र होकर सीधे प्रधानमंत्री मोदी से लाइव जुड़ सकें। युवा मोर्चा ने देश के एक करोड़ से ज्यादा नए वोटर्स को पार्टी के साथ जोड़ने का लक्ष्य रखा हुआ है। पीएम मोदी के 25 जनवरी को आयोजित होने वाले नमो नवमतदाता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए भाजपा ने अपने तमाम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर श्मेरा पहला वोट मोदी को हैशटैग के साथ फर्स्ट टाइम वोटर्स को लुभाने के लिए अभियान छेड़ दिया है। पार्टी मेरा पहला वोट मोदी के हैशटैग के साथ फर्स्ट टाइम वोटर्स को लुभाने के लिए सोशल मीडिया पर पोस्ट कर युवाओं से भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी से जुड़ने की अपील करते हुए कह रही है, नये मतदाता, नये सपने, नये अवसर ! यदि आप पहली बार मतदान कर रहे हैं, तो 25 जनवरी 2024 को नमो नवमतदाता सम्मेलन के लिए पीएम मोदी से जुड़ना न भूलें। आपको बता दें कि नए वोटर्स के रेजिस्ट्रेशन के लिए भाजपा ने पहले से ही मिस्ड कॉल अभियान के तहत एक नंबर भी जारी किया हुआ है।

## मध्यप्रदेश के सीएम डॉ मोहन यादव ने अयोध्या भेजा प्रसाद, चार ट्रकों से भेजे गए 5 लाख लड्डू



एजेन्सी

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति, उज्जैन द्वारा अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भेजे जा रहे पांच लाख लड्डुओं के प्रसाद के ट्रकों को आज केसरिया ध्वज दिखाकर रवाना किया। ये ट्रक भोपाल तुलसी मानस प्रतिष्ठान से रवाना किए गए। इसके पहले मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मानस प्रतिष्ठान स्थित श्री सिद्ध रघुनाथ मंदिर में भगवान राम का पूजन अर्चन किया। डॉ. यादव ने इस दौरान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारे सामने वर्तमान की अयोध्या नगरी का यह जो भौगोलिक स्वरूप है, उसे दो हजार साल पहले सम्राट विक्रमादित्य के काल में जीर्णोद्धार कर नया रूप दिया गया था। भव्य मंदिर भी सम्राट विक्रमादित्य द्वारा बनवाया गया था। वह युग फिर वापस आ रहा है। भगवान श्रीराम पुनरू गर्भ गृह में विराजमान हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि और गोस्वामी तुलसीदास द्वारा भगवान श्रीराम के जीवन के विविध प्रसंगों को जन–जन तक पहुंचाने का अछ्वुत कार्य हुआ है। 17 लाख साल बाद भी आज भी वह द्दश्य ऐसे लगते हैं, जैसे कल की ही बात हो।

डॉ. यादव ने 22 जनवरी को अयोध्या में भोग के लिए उज्जैन से पांच लाख लड्डू भेजे जाने की घोषणा की थी। इसी क्रम में श्री महाकालेश्वर मंदिर समिति द्वारा ये लड्डू तैयार किए गए हैं। डॉ यादव ने दो दिन पहले स्वयं लड्डू निर्माण कार्य में अपना योगदान दिया था। इसी क्रम में अयोध्या के लिए चार ट्रक रवाना किए गए हैं, प्रत्येक ट्रक में सवा लाख लड्डू हैं।

## नीतीश चाहें तो भाजपा की सदस्यता ले सकते हैं, उनका स्वागत होगा, बिहार बीजेपी अध्यक्ष

एजेन्सी

पटना। इंडिया गठबंधन में सीएम नीतीश की नाराजगी की अटकलों के बीच बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चाहें तो भाजपा की सदस्यता ले सकते हैं, उनका स्वागत है। सीएम नीतीश के लिए कोई दिक्कत नहीं है। दरअसल, पटना में भाजपा के सांसदों, विधायकों एवं विधान पार्षदों के साथ आयोजित मीटिंग के बाद सम्राट चौधरी ने मीडिया से बातचीत की। इस दौरान सम्राट चौधरी ने बीजेपी और जेडीयू के बीच गठबंधन की अटकलों पर कहा कि आप लोग सपना देख रहे हैं। क्या गठबंधन को लेकर कोई बैठक हुई है? हमारी बैठक हमारे कार्यक्रम को लेकर हुई है। इसके साथ ही शुक्रवार को लालू यादव और नीतीश कुमार के बीच हुई मुलाकात को लेकर सम्राट चौधरी ने कहा, बिहार भाजपा को इससे मतलब नहीं है। हमारे गठबंधन में यह स्पष्ट है कि इंडिया गठबंधन को इस चुनाव में 40 की 40 सीटों पर हराना है। बता दें कि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा के आवास पर शुक्रवार को भाजपा विधायकों की अहम बैठक हुई। इस बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि इस बैठक में बिहार की वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई है।

## राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा से पहले मोदी सिर्फ नारियल पानी पी रहे हैं, गौसेवा कर रहे हैं

एजेन्सी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राम मंदिर के 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह से पहले 11 दिनों से अपनी विशेष धार्मिक परंपरा के तहत फर्श पर कंबल के ऊपर सो रहे हैं और केवल नारियल पानी पी रहे हैं। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोदी 'गौपूजा' कर रहे हैं और गौसेवा कर रहे हैं। इसके अलावा वह अन्नदान सहित अन्य चीजें भी दान कर रहे हैं। और साथ ही शास्त्रों के अनुसार वह वस्त्र भी दान कर रहे हैं।''धर्मनिष्ठ 'राम भक्त' के रूप में मोदी ने पिछले कुछ दिनों में नासिक स्थित रामकुंड और श्री कालाराम मंदिर, आंध्र प्रदेश के लेपाक्षी में वीरभद्र मंदिर और केरल में तिरुप्रायर श्री रामास्वामी मंदिर समेत देश के विभिन्न हिस्सों में मंदिरों का दौरा किया है। इसी तरह, वह अगले दो दिनों में तमिलनाडु में ऐसे और मंदिरों का दौरा करेंगे। सूत्रों ने कहा कि ये मंदिर न केवल देश के विभिन्न हिस्सों को लोगों को जोड़ने का काम करते है।

## ईडी ने झारखंड पुलिस को लिखा पत्र, कहा, पूछताछ के लिए आने–जाने के दौरान सुरक्षा संबंधित न हो कोई परेशानी

एजेन्सी

रांची। कल यानी 20 जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी उनके आवासीय कार्यालय में पूछताछ करेगी। कल होने वाली पूछताछ पर ईडी ने झारखंड पुलिस मुख्यालय को पत्र लिखा है। पत्र में ईडी ने सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने को कहा है। ईडी ने पुलिस मुख्यालय को लिखे पत्र में बताया है कि 20 जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवासीय कार्यालय में पूछताछ करने के लिए ईडी के अधिकारी जाएंगे। पूछताछ के लिए आने–जाने के दौरान ईडी के अधिकारियों को सुरक्षा संबंधित कोई परेशानी न हो, किसी तरह की विधि–व्यवस्था बाधित न हो, इसे सुनिश्चित कराया जाए। वहीं, ईडी के पत्र के बाद 20 जनवरी को रांची में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की तैयारी की गई है। बता दें कि ईडी जमीन घोटाले मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 8 बार समन कर चुकी है। मुख्यमंत्री हेमंत ने पत्र भेजकर प्रवर्तन निदेशालय के समन का जवाब दिया है। मुख्यमंत्री सचिवालय का कर्मी सूरज कुमार पत्र लेकर ईडी ऑफिस पहुंचे थे। पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा है कि ईडी की टीम 20 जनवरी को मुख्यमंत्री आवास आकर बयान दर्ज कर सकती है। वहीं पत्र मिलने के बाद ईडी के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दिल्ली मुख्यालय को दी।

## पीएम मोदी ने बोइंग के वैश्विक इंजीनियरिंग एवं तकनीकी केंद्र परिसर का किया उद्घाटन



एजेन्सी

बेंगलुरु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बेंगलुरु के पास अमेरिकी विमान विनिर्माता बोइंग के नए वैश्विक इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी केंद्र परिसर का उद्घाटन किया। अत्याधुनिक बोइंग इंडिया इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेंटर परिसर करीब 1,600 करोड़ रुपये की लागत से 43 एकड़ जमीन पर बना है। यह बोइंग का अमेरिका के बाहर अपनी तरह का सबसे बड़ा निवेश है।

## माथे पर तिलक...चेहरे पर मुस्कान, रामलला की पहली पूर्ण तस्वीर आई सामने

एजेन्सी

अयोध्या। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले अयोध्या समेत पूरा देश राम की भक्ति में डूबा हुआ है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम से पहले रामलला की पहली भव्य तस्वीर सामने आ गई है। हालांकि ये तस्वीर गर्भगृह में रामलला के विराजमान होने से पहले की है। तस्वीर में श्रीराम के चेहरे पर मधुर मुस्कान है और माथे पर तिलक लगा हुआ है। अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी। दरअसल, आज जो तस्वीर सामने आई है वह इस मूर्ति के निर्माण के दौरान की संपूर्ण तस्वीर है। राम मंदिर के गर्भगृह में स्थापित इस मूर्ति को मैसूर (कर्नाटक)के मूर्तिकार अरुण योगीराज ने तैयार किया है। मूर्तिकार योगीराज ने इस मूर्ति को दिव्य और आलौकिक स्वरूप प्रदान करने के लिए दिन रात एक कर दिया था। अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट ने उनके द्वारा बनाई गए रामलला की मूर्ति को राम मंदिर में स्थापना के लिए चुनने के बाद उनकी परिवार भी काफी खुश है।

भाई सूर्यप्रकाश ने कहा कि योगीराज ने मूर्तिकला की बारीकियां अपने पिता से सीखीं। वह बचपन से इसे लेकर उत्सुक थे। योगीराज की माता सरस्वती ने संवाददाताओं से कहा कि यह बहुत ही हर्ष की बात है कि उनके बेटे द्वारा निर्मित मूर्ति का चयन किया गया है। उन्होंने कहा, जब से हमें यह खबर मिली है कि अरुण द्वारा बनाई गई मूर्ति का चयन (स्थापना के लिए) किया गया है, हम बहुत खुश हैं। हमारा पूरा परिवार प्रसन्न है। राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला की मूर्ति को स्थापित कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, विधि–विधान के साथ रामलला की मूर्ति को गर्भगृह में स्थापित किया गया है। इसमें करीब 4 घंटे से ज्यादा के वक्त लगा है। रामलला का आसन 3.4 फीट ऊंचा है, जिसे मकराना पत्थर से बनाया गया है। बता दें कि रामलला की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इससे पहले बुधवार को रामलला की मूर्ति को बुधवार रात यहां राम मंदिर के गर्भगृह में लाया गया।

अयोध्या के लिए लोगों की दीवानगी हाड़ कंपा देने वाली ठंड से बेअसर है और देश के विभिन्न हिस्सों से लोग 22 जनवरी को यहां नवनिर्मित मंदिर में भगवान राम के बाल स्वरूप के विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए स्केटिंग कर, साइकिल चलाकर या फिर पैदल ही लंबी दूरी तय कर यहां आ रहे हैं। भगवान राम में अपनी आस्था और देश में व्याप्त धार्मिक उत्साह से प्रेरित होकर यहां पहुंचने वाले लोग बताते हैं कि वे इस ऐतिहासिक दिन का हिस्सा बनना चाहते हैं और प्रेम तथा एकता का संदेश देना चाहते हैं।

वहीं पीएम मोदी ने मंत्रिमंडल के सहयोगियों से 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जश्न दिवाली की तरह अपने घरों में दीये जलाकर तथा गरीबों को खाना खिला कर मनाने के लिए कहा है। सूत्रों ने बताया कि राम मंदिर को लेकर देश में देखे जा रहे भारी उत्साह के बीच उन्होंने केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह टिप्पणी की।

## सम्पादकीय

# खटाई में पढ़ाई

बीते वर्ष की वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट के निष्कर्ष विचलित करने वाले हैं। निष्कर्ष बताते हैं कि देश के सरकारी स्कूलों में 56 फीसदी किशोर गणित की सामान्य प्रक्रियाएं नहीं कर पाते। करीब 25 फीसदी छात्र क्षेत्रीय भाषा में कक्षा–दो का पाठ भी धाराप्रवाह ढंग से नहीं पढ़ पाते। करीब आधे छात्र यदि भाग व गुणा जैसी सामान्य गणितीय क्रियाएं नहीं कर पाते तो यह हमारे शैक्षिक ढांचे पर सवालिया निशान है। आखिर क्या वजह कि करीब 43 फीसदी छात्र अंग्रेजी के सामान्य वाक्य पढ़ने में असमर्थ हैं? बुधवार को जारी वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट के निष्कर्ष निस्संदेह परेशान करने वाले हैं कि आने वाले भारत का भविष्य कैसा होगा? कालांतर जैसे–तैसे पढ़–लिखकर ये छात्र बेरोजगारों की संख्या बढ़ाने के अलावा और क्या कर सकते हैं? पहली बार देश के 26 राज्यों के 28 जिलों में किशोरों का सर्वेक्षण किया गया। बच्चों की गणित व अंग्रेजी की स्थिति देखकर साफ है कि प्राथमिक विद्यालय स्तर पर बच्चों की बुनियादी पढ़ाई और गणित की शिक्षा में तत्काल सुधार की आवश्यकता है। दरअसल, एएसईआर के इस सर्वेक्षण में 14 से 18 वर्ष के 34,745 छात्रों को शामिल किया गया था। बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश के दो ग्रामीण जिलों तथा शेष राज्यों के एक–एक ग्रामीण जिले को सर्वेक्षण में शामिल किया गया । हालांकि, अच्छी बात यह है कि 14 से 18 वर्ष के करीब 87 फीसदी बच्चे स्कूलों में नामांकित हैं। लेकिन उनमें से अधिकांश बुनियादी पढ़ने, गणित और अंग्रेजी ज्ञान में बुनियादी कौशल का प्रदर्शन नहीं करते हैं। हालांकि, सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि सर्वेक्षण में शामिल नब्बे फीसदी बच्चों के पास स्मार्टफोन हैं और उन्हें यह चलाना बखूबी आता है। सबसे परेशान करने वाला सवाल यह है कि क्यों 25 फीसदी छात्र अपनी क्षेत्रीय भाषा में कक्षा दो का पाठ भी धाराप्रवाह रूप से नहीं पढ़ सके। वैसे गणित व अंग्रेजी में परिस्थितिजन्य व पारिवारिक माहौल के चलते कमजोरी की बात तो समझ में आती है। दरअसल, अकसर बच्चे गणित को एक नीरस विषय के रूप में लेते हैं, जबकि आजकल बिना गणित के जीवन का अर्थशास्त्र चलाना बेहद मुश्किल है। सर्वे का एक पक्ष यह भी कि लड़कियों का क्षेत्रीय भाषा में धाराप्रवाह पाठ पढ़ने का प्रतिशत 76 रहा, जबकि किशोरों में यह प्रतिशत 71 था। जबकि गणित व अंग्रेजी में किशोरों का प्रदर्शन किशोरियों से बेहतर रहा है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि व्यावसायिक पाठ्यक्रम में इनकी भागेदारी महज 5.6 प्रतिशत है। सर्वेक्षण में हरियाणा के सिरसा, पंजाब के एसएएस नगर, जम्मू–कश्मीर में अनंतनाग, हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा, राजस्थान में भीलवाड़ा और उत्तराखंड के टेहरी गढ़वाल शामिल थे। दरअसल, इस संकट के सभी पहलुओं पर विचार करना चाहिए। सामान्यतरू ग्रामीण इलाकों में अधिकांश बच्चे कमजोर वर्ग या खेती–किसानी से जुड़े परिवारों से आते हैं। अंग्रेजी का कमजोर होना तो समझ में आता है, लेकिन क्षेत्रीय भाषा पठन में फिसड्डी होना चौंकाता है। यह निष्कर्ष सरकारी शिक्षकों की शिक्षण शैली और सीखने की प्रक्रिया में रुचि बढ़ाने की कोशिशों पर भी सवाल उठाता है। समय के साथ–साथ कहीं न कहीं शिक्षकों का वह रुतबा भी कम हुआ है जो छात्रों को सख्त अनुशासन के दायरे में लाता था। शिक्षकों की नियुक्ति के तौर–तरीके, राजनीतिक हस्तक्षेप से होने वाली नियुक्तियां तथा जवाबदेही जैसे सवाल भी सामयिक हैं। एक बड़ा संकट किशोरों के पास स्मार्टफोन का होना और बच्चों को उसकी लत का होना भी है। विडंबना देखिये कि पचास फीसदी से अधिक किशोर–किशोरी गणित की सामान्य जोड़–घटाव की प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाते हैं, लेकिन स्मार्टफोन की जटिल प्रक्रिया के संचालन में पारंगत हैं। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति ही कही जाएगी कि मोबाइल की लत नई पीढ़ी के बच्चों की वह एकाग्रता भंग कर रही है जो उन्हें निरंतर पढ़ाई के लिये चाहिए। आने वाले समय में मोबाइल के अधिक प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभाव भी नजर आएंगे। खासकर आंखों व गर्दन से जुड़े शारीरिक विकार सामने आएंगे। यही वजह है कि जागरूक अभिभावक बच्चों को स्कूल व एक उम्र तक घर में स्मार्टफोन देने को घातक मानते रहे हैं।

## आज का राशि फल

मेष :– किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्ट का वातावरण रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कायरे के प्रति आलस्य न करें, नुकशान हो सकता है।

बृषभ :– भौतिक सुख–साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ति में असमर्थता जैसी पूर्वाग्रह मन में निराशा पैदा करेगी। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

मिथुन :– मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरे में न गंवायें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहो की प्रतिकूलता से बिमार पड़ सकता है।

कर्क :– सब कुछ सामान्यतः ठीक होते हुए भी मन में अरुचितकर लगेगा। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट होगा। पिता के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

सिंह :– पुराने गलतियो से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कार्य से परिजनो के दिल में जगह बनावें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें।

कन्या :– प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव उन प्रतिभाओं के लाभ से वन्चित हो सकता है। कल्पनाओं में जीना छोड़ कर भौतिक जगत के अनुरूप चलने का प्रयास करें।

तुला :– योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त–मौला मन मौज मस्ती समय ब्यर्थ कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा–प्रतियोगिता में परिश्रम तिब्र होगा।

वृश्चिक :– नये घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन अत्यंत प्रसन्न होगा। नये कायरे के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न शील बनें।

धनु :– नए क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव है। समस्याओ के समाधान से उत्साह में बृद्धि होगी। नए सम्बन्धों के सहयोग से आर्थिक कठिनाईयां दूर होंगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

मकर :– सुख–साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ति में असमर्थता जैसी पूर्वाग्रह मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव पहुंच सकता है।

कुंभ :– किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिया गया निर्णय से पश्चाताप का कारण बन सकता है। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

मीन :– मन को सकारात्मक दिशा प्रदान करें। भाग्य से प्राप्त अच्छे–बुरे सभी परीस्थितियों के साथ समझौतावादी बनें। अपने सुख–दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें।

# ईरान-पाक टकराव: विश्व शांति को नया खतरा

एक ओर रूस–यूक्रेन तथा इजरायल–फिलीस्तीन संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहे हैं, दूसरी तरफ भारत के पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान और ईरान के बीच टकराव शुरू हो गया है, जो विश्व शांति के लिये बड़ा खतरा बन सकता है। वैसे ईरान ने इसी के साथ अपने दो और मुल्कों पर हमले किये हैं। ये देश हैं सीरिया व इराक। इन हमलों की गम्भीरता को देखते हुए सुलह के प्रयासों की तत्काल जरूरत आन पड़ी है। पहले उल्लेखित संघर्षरत मुल्कों के बीच युद्धों के अपने–अपने कारण हैं, परन्तु ताजा लड़ाई (ईरान–पाक) की वजह एक दूसरे पर आतंकवाद को बढ़ावा देना है। दोनों देशों के बीच तल्खी इस कदर बढ़ गई कि दोनों ने एक दूसरे के उच्चायुक्तों को अपदस्थ कर दिया है। वैसे युद्ध जिस भी कारण से हो रहा हो, आवश्यक है कि दोनों देश परस्पर संवाद से समस्या का निदान ढूंढ़े। मंगलवार को ईरान ने उससे लगे पाकिस्तान के बलूचिस्तान क्षेत्र में आतंकी समूह जैश–अल–अदल के दो ठिकानों पर मिसाइलों और ड्रोन से आक्रमण कर दिया। हमले के जवाब में ईरान पर एयर स्ट्राईक कर दी गई। खुद ईरान ने स्वीकारा है कि पाकिस्तानी हमले से उसके सिस्तान–बलूचिस्तान क्षेत्र में 7 लोग मारे गये हैं, जिनमें तीन महिलाएं और चार बच्चे हैं। इसके पहले भी 2016 में ईरान ने पाक सीमा में घुसकर मोर्टार हमले किये थे। इन दोनों देशों के बीच तकरीबन 900 किलोमीटर की सीमा लगती है। 2017 में पाक संरक्षित आतंकवादियों ने ईरान के 10 सुरक्षाकर्मियों को मार डाला था, तभी से दोनों देशों के बीच कई बार सम्बन्ध बिगड़ते भी रहे। ईरान एक शिया और पाकिस्तान सुन्नी मुसलमान देश है, जो उभय पक्षों के बीच खट्टे–मीठे सम्बन्धों का एक और कारण है। पाकिस्तान की सऊदी अरब से बढ़ती नजदीकियां भी ईरान को रास नहीं आ रही हैं, जबकि 1965 में भारत–पाक युद्ध में ईरान ने पाकिस्तान का साथ दिया था। पाकिस्तान पर ईरान का तो आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप है ही, खुद पाकिस्तान का कहना है कि ईरान में सक्रिय बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और बलूचिस्तान लिबरेशन फोर्स (बीएलएफ) को उस देश के द्वारा बढ़ावा दिया जा रहा है जो पाकिस्तान में सरकार विरोधी कार्रवाइयां कर रहे हैं। पाकिस्तान ने कथित रूप से इन्हीं संगठनों के ठिकानों पर हमले किये हैं। पाकिस्तान की उत्तर में बलूचिस्तान स्थित है जिसकी सीमा अफगानिस्तान से लगती है और पश्चिम में ईरान से सटी हुई है। प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध बलूचिस्तान को उसके इस संसाधन का लाभ नहीं मिल पाता और वहां से निकलने वाले खनिजों का फायदा पाकिस्तान के पंजाब इलाकों को ज्यादा मिलता है। इसलिये बलूचिस्तान के लोग सरकार से नाराज हैं और वे अलग होने की मांग तक करते आये हैं। जबसे पाकिस्तान ने इन खनिजों को चीन के लिये भी खोल दिया है, बलूचियों की नाराजगी और ज्यादा बढ़ गई है। बीएलए और बीएलएफ जैसे संगठन पाकिस्तानी व चीनी सेना के जवानों को निशाना बना रहे हैं। ईरान का मानना है कि पाकिस्तान, सीरिया एवं इराक तीनों ही आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं इसलिये उसने अपने हितों की रक्षा के लिये तीनों मुल्कों पर हल्ला बोला है। दावोस में जारी वर्ल्ड इकानॉमिक फोरम में हिस्सा ले रहे ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि जैश–अल–अदल पाकिस्तान की धरती से ईरान के खिलाफ सक्रिय आतंकी संगठन है। ईरान लम्बे समय से कहता आया है कि पाकिस्तान उनके देश के खिलाफ काम कर रहे आतंकी समूहों को पनाह और प्रोत्साहन देता है। कई कार्रवाइयों की उसने जिम्मेदारी भी ली है। इसने ईरान में 2013 में बड़ा हमला किया था। ईरान के अलावा अमेरिका, जापान, न्यूजीलैंड आदि कई देशों ने इसे आतंकवादी संगठनों की सूची में डाल रखा है। वैसे दोनों देशों (ईरान–पाकिस्तान) के बीच कभी नरम तो कभी गरम वाले सम्बन्ध होते हैं। कुछ अरसा पहले दोनों देशों ने संयुक्त युद्धाभ्यास भी किया था लेकिन आतंकवाद, नशीले पदार्थों की तस्करी जैसे मामलों को लेकर खटास भी हो जाती है। हाल के वर्षों में रिश्ते इस कदर बिगड़ जाने की मुख्य वजह बलूचिस्तान के सीमावर्ती शहर पंजगुर में जैश–अल–अदल को शरण मिलना है। चीन से दोनों के अच्छे ताल्लुक हैं जो इस तनातनी से अपने व्यवसायिक हितों के चलते चिंतित है। दोनों चीन प्रवर्तित शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन (एससीओ) के सदस्य हैं, इसलिये बुधवार को चीन के विदेश मंत्रालय के ओर से बयान जारी कर मसले को बातचीत से हल करने की सलाह दी गई है। इस बीच खाड़ी देशों के बीच स्थितियां और अंतरराष्ट्रीय सम्बन्ध काफी बदले हैं। भारत के साथ ईरान के सम्बन्ध कच्चे तेल के व्यवसाय पर निर्भर हैं। भारत ईरान का बड़ा आयातक देश है, इसलिये इस सशस्त्र संघर्ष का उसके शेयर बाजार पर पड़ना लाजिमी है। इस क्षेत्र में लड़ाई के आगाज की आशंका से सेंसेक्स व निफ्टी में बड़ी गिरावट दर्ज हुई जिसके कारण निवेशकों ने लगभग 4.50 लाख करोड़ रुपये गंवा दिये। व्यवसायिक हितों से बढ़कर मानवीयता के दृष्टिकोण से भी यह संघर्ष थमना जरूरी है। कोरोना के कारण अनेकानेक तरह की दुश्वारियों से घिरती हुई दुनिया में इतना दम नहीं रह गया है कि वह किसी भी क्षेत्र में और किसी भी कारण से ऐसी लड़ाइयों को झेल सके। हर युद्ध त्रासदियों को जन्म देता है, जो हाल के रूस–यूक्रेन और इजरायल–फिलीस्तीन के बीच चल रही लड़ाइयों में देखने को मिल रही है। युद्ध में मासूम लोग बलि चढ़ते हैं और एक हद के बाद सारी लड़ाइयां थम जाती हैं परन्तु मानवता को होने वाले नुकसान की भरपाई कभी पूरी नहीं हो पाती।

# राम तो बहाना है, संविधान और गणतंत्र पर निशाना है!

बादल सरोज

अयोध्या में अभी तक अधबने मंदिर को लेकर देश भर में चलाई जा रही मुहिम की श्रृंखला में मध्यप्रदेश सरकार के धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव के हस्ताक्षरों से 12 जनवरी को समस्त कलेक्टरों के लिए एक आदेश जारी किया है। इस आदेश में उन्होंने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तारतम्य में 16 से 22 जनवरी तक सभी सरकारी भवनों, स्कूलों, मंदिरों, गांवों, कस्बों, शहरों में किये जाने वाले आयोजनों को सूचीबद्ध करते हुए कलेक्टरों को उनके प्रबंधन के निर्देश दिए हैं। इस तरह पूरे सप्ताह भर तक मध्यप्रदेश की सरकार, जिस काम के लिए उसे चुना गया है अपना वह सारा कामकाज छोड़कर, दीये जलायेगी, मन्दिर सजायेगी, भंडारे करवायेगी और सरकारी बिल्डिंगों पर झालरें लटकवायेगी। इस आशय के बाकायदा आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। आदेश में प्रदेश के सभी कलेक्टरों से 9 काम करने के लिए कहा गया है। इन कामों में पहला काम 16 जनवरी से 22 जनवरी तक प्रत्येक मंदिर में राम कीर्तन कराने, मंदिरों में दीप जलाने और हर घर में दीपोत्सव के लिए आमजन को जाग्रत करने का है। इस पहले काम के अलावा बाकी के आठ कामों में हर नगर तथा हर गांव में राम मंडलियों के कार्यक्रम करवाना, हर शहर गांव के मुख्य मंदिरों पर टीवी स्क्रीन लगाकर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कराना और इसमें लोगों की भागीदारी कराना, 22 जनवरी को सभी प्रमुख मंदिरों में भंडारों का आयोजन कराना, मंदिरों में साफ–सफाई, दीप प्रज्वलन के साथ ही श्रीराम–जानकी आधारित सांस्कृतिक आयोजन करवाना, शहरों में नगरीय विकास तथा आवास विभाग, गांवों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा साफ सफाई के साथ सभी सरकारी इमारतों तथा स्कूल एवं कालेजों में साज–सज्जा करवाना, प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में 16 से 21 जनवरी विशेष सफाई अभियान और 21 से 26 तक झालरें लटकाने– लाइटिंग की व्यवस्था करवाना, 11 से 21 जनवरी तक प्रदेश के 20 जिलों में हो रही रामलीलाओं– श्रीरामचरित लीला समारोह– के लिए समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना शामिल हैं। कलेक्टरों को सौंपा गया नौवां काम है श्स्पेशल ट्रेनों तथा सड़क मार्गों से अयोध्या जा रहे तीर्थ यात्रियों के सम्मानध्स्वागत की व्यवस्थाएं स्थानीय निकायों तथा स्थानीय जनों के सहयोग से सुनिश्चित करना। भारतीय संविधान के तहत निर्वाचित, उसके अनुरूप चलने की शपथ लेकर सत्तासीन हुई सरकार का यह आदेश भारत दैट इज इंडिया में राजकाज चलाने की अब तक की परम्परा से एकदम अलग तो है ही खुद संविधान सम्मत प्रावधानों के प्रतिकूल और विरुद्ध भी है। भारत का संविधान धर्म और उसके साथ शासन के रिश्तों के बारे में एकदम साफ–साफ प्रावधान करता है। संविधान के अनुच्छेद 25 से लेकर 28 तक में इस बारे में स्पष्ट रूप से निर्धारित किया गया है कि भारत का कोई भी एक आधिकारिक राज्य धर्म नहीं होगा। देश में रहने वाले हर व्यक्ति को किसी भी धर्म को मानने, उसके अनुरूप आचरण करने और अपने धर्म का प्रचार करने का अधिकार होगा। उसके इस अधिकार का संरक्षण करने की गारंटी संविधान देता है और कहता है कि ऐसा हो सके यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सरकार की होगी। संविधान यह भी कहता है कि सरकार किसी भी एक धर्म के प्रति राग या द्वेष से काम नहीं लेगी, न किसी धर्म का विरोध किया जाएगा न ही किसी खास धर्म का समर्थन किया जाएगा। संविधान के अनुच्छेद 25 में प्रत्येक व्यक्ति को अपने धार्मिक विश्वास और सिद्धांतों का प्रसार करने का अधिकार दिया गया है। अनुच्छेद 27 के अनुसार नागरिकों को किसी विशिष्ट धर्म या धार्मिक संस्था की स्थापना या पोषण के बदले में कर– टैक्स– देने के लिये बाध्य नहीं किया जायेगा। वहीं अनुच्छेद 28 के द्वारा सरकारी शिक्षण संस्थाओं में किसी प्रकार की धार्मिक शिक्षा नहीं दिए जाने का प्रावधान किया गया है। अपनी बात को और स्पष्ट करते हुए यह अनुच्छेद कहता है कि शराज्य–निधि से पूर्णतरू पोषित किसी शिक्षा संस्था में कोई धार्मिक शिक्षा नहीं दी जाएगी। यह भी कि राज्य से मान्यता प्राप्त या राज्य–निधि से सहायता पाने वाली शिक्षा संस्था में उपस्थित होने वाले किसी व्यक्ति को ऐसी संस्था में दी जाने वाली धार्मिक शिक्षा में भाग लेने के लिए या ऐसी संस्था में या उससे संलग्न स्थान में की जाने वाली धार्मिक उपासना में उपस्थित होने के लिए तब तक बाध्य नहीं किया जाएगा. जब तक कि उस व्यक्ति ने, या यदि वह अवयस्क है तो उसके संरक्षक ने, इसके लिए अपनी सहमति नहीं दे दी है।श

इस तरह से पहली नजर में ही मध्यप्रदेश सरकार का यह आदेश भारत के संविधान–जिसकी 75वीं सालगिरह की वर्ष इसी 26 जनवरी से शुरू हो रही है–का सिरे से उल्लंघन करने वाला है। कानून की भाषा में ऐसा कृत्य आपराधिक और दंडनीय माना जाता है। भारत का संविधान 251 पृष्ठों में लिखी 395 अनुच्छेद और 25 भागों में विभाजित, 12 अनुसूचियों में लिखे कुछ नियम कानूनों का संकलन नहीं है, यह कुछ पढ़े–लिखे समझदार लोगों द्वारा अपनी पसंद और रूचि से लिखी बातों का संग्रह भी नहीं है। यह शून्य में से अवतरित, नाजिल हुई अपौरुषेय किताब भी नहीं हैय यह कोई दो सौ साल तक चली आजादी की लड़ाई में कुर्बान हुए शहीदों की अस्थि की कलम से उनके बहाए खून से लिखी गई इबारत है। उस. इंसानों के इतिहास की विराट लड़ाई में शामिल सभी धाराओं के आजाद भारत के स्वरूप के बारे में समझदारी का सार है। यह 5 हजार वर्षों की सभ्यता के हासिल अनुभवों का निचोड़ है। यह धर्माधारित राष्ट्र की बेहूदा और पागलपन की अवधारणा का धिक्कार और नकार है। यह भारत को दूसरा पाकिस्तान बनाने की कोशिश का अस्वीकार है।

सत्ता और धर्म को अलग रखने को लेकर बहसें आजादी की लड़ाई के तीखे दमन के बीच भी चलीं। अपनी हर प्रार्थना सभा में रघुपति राघव राजा राम गाने और गवाने वाले, एक जहरीली विचारधारा से मंत्रबिद्ध उन्मादी हत्यारे की पिस्तौल से निकली गोलियां खाने के बाद जिनके मुंह से आखिरी शब्द शहे रामश निकले वे पक्के हिन्दू महात्मा गांधी भी कहते थे कि राज्य का कोई धर्म नहीं हो सकता, भले उसे मानने वाली आबादी 100 फीसदी क्यों न हो। धर्म एक व्यक्तिगत मामला है इसका राज्य के साथ कोई संबंध नहीं होना चाहिए।श वे कहते थे कि राजनीति में धर्म बिलकुल नहीं होना चाहिए, मैं यदि कभी डिक्टेटर बना तो राजनीति में धर्म को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दूंगा। देश में रामराज्य लाने की बात कहने वाले गांधी कहते थे कि मैं जिस रामराज्य की बात कहता हूं उसका मतलब राम का या धर्म का राज नहीं है, मैं जब पख्तूनों के बीच जाता हूं तो खुदाई राज और ईसाइयों के बीच जाता हूं तो गॉड के राज की बात करता हूं, इसका मतलब धार्मिक राज नहीं है, समता और सहिष्णुता का शासन है, नैतिक समाज का आधार है। उन्होंने बार–बार कहा कि श्धर्म राष्ट्रीयता का आधार नहीं हो सकता। धर्म और संस्कृति अलग–अलग है। गांधी अकेले नहीं थे– उनकी धारा के सभी नेता उनके साथ थे। उनकी रीति नीति से असहमत भी इस मामले में उनके साथ थे। भगतसिंह से लेकर समाजवादियों, वामपंथियों, जाति वर्ण के शोषण निर्मूलन की समर्थक पेरियार, डॉ अम्बेडकर जैसी धाराओं सहित सभी आन्दोलन और संगठन इस मामले में एकमत थेय इसी आम राय का नतीजा था कि जो पाकिस्तान की तर्ज पर भारत को भी धर्माधारित राष्ट्र बनाना चाहते थे, मुहम्मद अली जिन्ना से भी 20 साल पहले जो हिन्दुओं के लिए अलग राष्ट्र की मांग कर चुके थे, कुम्भ के मेले में बिछड़े जिन्ना के उन सहोदरों को भारत ने निर्णायक रूप से ठुकरा दिया था। पिछले दो सप्ताहों से आ रही खबरों से अब आम हिन्दुस्तानी भी समझ चुके हैं कि अयोध्या के आयोजन से उस हिन्दू धर्म का भी कितना संबंध है जिसके नाम से देश की लंका लगाने की यह विराट परियोजना लाई गई है। चारों शंकराचार्यों की भद्रा उतार रही है वह असाधारण निकृष्टता का एक उदाहरण है। अधबने मंदिर के लिए खरीदी गई जमीन के घोटालों के लिए ज्यादा चर्चित, मोदी सरकार द्वारा गठित न्यास के सचिव चम्पत राय का इस मंदिर को सभी भारतीयों, सभी हिन्दुओं का न मानना और इसे भारतीय धार्मिक परम्पराओं के सिर्फ एक छोटे से सम्प्रदाय– रामानंदी सम्प्रदाय– का बताना, शैव, शाक्त, संन्यासियों सहित सैंकड़ों धार्मिक धाराओं को इससे दूर रखना दूसरा उदाहरण है। ऐसे उदाहरण अनेक हैं जो इस बात को आईने की तरह साफ कर देते हैं कि यह धर्म के नाम पर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का धतकरम है। मगर जैसा कि अब पूरी तरह उजागर हो चुका है, यह सिर्फ वोट जुगाड़ने वाली चुनावी राजनीति तक सीमित खतरा नहीं हैय यह राम के बहाने संविधान और गणतंत्र पर निशाने साधने की साजिश है। यह खुद इस शब्द के जनक सावरकर के मुताबिक जिसका हिन्दू धर्म की परम्पराओं और मान्यताओं के साथ कोई संबंध नहीं है उस हिंदुत्व पर आधारित हिन्दू राष्ट्र की स्थापना की ओर आगे बढ़ना है। एक ऐसा राज लाना है जिसमे शासन करने वाले मनु के कहे पर चलाएंगे, बाकी सब घंटा बजायेंगे। अब यह भारत दैट इज इंडिया को तय करना है कि वह ऐसा अपकर्म होने देगा कि नहीं।


(लेखक सम्पादक लोकजतन, संयुक्त सचिव अखिल भारतीय किसानसभा)

# मथुरा ईदगाह पर सर्वोच्च न्यायालय का आदेश अदालती रूख में कोई बदलाव नहीं

के रवीन्द्रन

मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि–शाही ईदगाह परिसर का सर्वेक्षण करने के लिए एक अधिवक्ता आयोग नियुक्त करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाने वाला सर्वोच्च न्यायालय का आदेश विवादित पूजा स्थलों के संबंध में न्यायपालिका के सामान्य दृष्टिकोण में कोई खास बदलाव नहीं करता है, जो कि अन्य मुद्दों के बजाय आस्था के पक्ष में अधिक जोर देता है। भारत के शीर्ष अदालत का आदेश विवादास्पद दावों के बारे में ठोस मुद्दों के बजाय तकनीकी पहलुओं पर आधारित है, जिसमें 1991 के पूजा स्थल अधिनियम को चुनौती भी शामिल है, जिसे अब विभिन्न न्यायिक फैसलों के अनुसार अनुल्लंघनकारी बाध्यता नहीं माना जाता है, जिसमें इससे संबंधित विवाद भी शामिल है। अयोध्या में रामजन्मभूमि, दरअसल, उस मामले में ऐतिहासिक फैसले ने भविष्य के लिए एक नया खाका तैयार किया है, जिसे आने वाले दिनों में अपनाने में बढ़ोतरी की उम्मीद है। यह प्रासंगिक है कि सर्वोच्च न्यायालय ने केवल सर्वेक्षण करने के लिए आयोग नियुक्त करने के उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाई है, मुख्य मुकदमे में कार्रवाई जारी रखने पर नहीं। अदालत ने स्पष्ट किया, श्हम पूर्ण स्थगन जारी नहीं कर रहे हैं, यह कहते हुए कि स्थगन आदेश केवल ईदगाह स्थल के सर्वेक्षण के लिए एक अधिवक्ता आयोग स्थापित करने के उच्च न्यायालय के आदेश के कार्यान्वयन से संबंधित है। सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा यह है कि क्या 1991 का अधिनियम प्रतिद्वंद्वी दलों के दावों के संबंध में किसी भी बदलाव को रोकता है? इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष एक दर्जन से अधिक याचिकाएं लंबित हैं, जिसमें हिंदू पक्ष का दावा है कि मस्जिद का निर्माण सम्राट औरंगजेब ने कृष्ण के जन्मस्थान की भूमि पर एक मंदिर को ध्वस्त करके किया था।

सर्वोच्च न्यायालय ने विवादित ढांचे पर सर्वेक्षण करने के लिए एक आयोग की नियुक्ति के लिए हिंदू पक्ष के आवेदन में खामियां निकाली हैं। बात उस बिंदु से आगे नहीं बढ़ी है कि श्क्या कोई आवेदन इस तरह किया जा सकता है? आवेदन को लेकर हमें आपत्ति है। प्रार्थना देखें। यह बहुत अस्पष्ट है। इसे पढ़ें। आप इस तरह सर्वव्यापी अनुप्रयोग नहीं बना



सकते। आपको इस बारे में बहुत स्पष्ट होना होगा कि आप स्थानीय आयुक्त से क्या चाहते हैं;त्र दो सदस्यीय पीठ का नेतृत्व कर रहे न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा। पिछले साल मई में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि–शाही ईदगाह मस्जिद विवाद पर सभी मुकदमों को अपने पास स्थानांतरित कर लिया था। मस्जिद समिति ने इस आधार पर स्थानांतरण को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया कि विवाद के संबंध में सभी मुकदमे लंबित हैं और उच्च न्यायालय को इस बीच दूसरे पक्ष को अंतरिम राहत नहीं देनी चाहिए थी। सुप्रीम कोर्ट केवल उस तर्क को कायम रख रहा था। अन्य सभी मुद्दों पर अभी अंतिम निर्णय होना बाकी है। अनिवार्य रूप से, देश के मुसलमानों ने इसी तरह के विवादों के संबंध में अपना कारण उस दिन खो दिया जब सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्र की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मुद्दे को सुलझाया कि मुस्लिम पूजा के आवश्यक रूप के बारे में 1994 के फैसले का उल्लेख किया जाये या नहीं। वह निर्णय इस निष्कर्ष पर आधारित था कि मस्जिद में प्रार्थना करना इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है और मुसलमानों द्वारा नमाज खुले में भी पढ़ी जा सकती है। सितंबर 2010 में अयोध्या भूमि विवाद में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले पर इस फैसले का बड़ा प्रभाव पड़ा, जब तीन न्यायाधीशों की पीठ ने विवादित स्थल को हिंदुओं, मुसलमानों और निर्मोही अखाड़े के बीच विभाजित कर दिया। यह लगभग एक स्थापित मानदंड बन गया है और इसलिए इसका असर उन सभी मामलों पर पड़ेगा जहां पूजा स्थलों के स्वामित्व को इस आधार पर विवादित किया गया है कि वर्तमान संरचनाएं उन मंदिरों के खंडहरों पर बनाई गई थीं जो कभी उन स्थानों पर थे। लेकिन इस मुद्दे पर राजनीतिक लड़ाई जारी रहेगी, जैसा कि अयोध्या में नये राम मंदिर के मामले में स्पष्ट है। हालांकि वर्तमान विवाद का मूल मुद्दा भाजपा द्वारा राजनीतिक उद्देश्यों के लिए अभिषेक कार्यक्रम का उपयोग करना है, लेकिन ध्वस्त बाबरी मस्जिद धर्मनिरपेक्षता को एक प्रतीक के रूप में प्रस्तुत करना जारी रखे हुए है। फिर भी वर्तमान व्यवस्था में धर्मनिरपेक्षता का स्वाद कम होने से पासा पुरानी संरचनाओं के पक्ष में भारी पड़ गया है।

# नगर पालिका जौनपुर की महिला कर्मी से दुर्व्यवहार व सरकारी काम में बाधा डालने वाले सभासद को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर नगर पालिका जौनपुर की महिला कर्मी से दुर्व्यवहार व सरकारी काम में बाधा डालने वाले सभासद को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अध्ीक्षक के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के निर्देशन में दिनांक 19.01.2024 को नगर पालिका की महिला कर्मी व अन्य से दुर्व्यवहार करने के क्रम मे थाना कोतवाली जौनपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0—22६24 धारा 504६509६353 भादवि व मु0अ0सं0—20६24 ६ाारा 323६504६506 भादवि के नामित अभियुक्त दीपक जायसवाल (सभासद) पुत्र स्व0 रमेश जायसवाल नि0 ख्वाजगी टोला थाना कोतवाली जनपद जौनपुर को शनिवार नगर पालिका परिसर जौनपुर से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

नाम पता अभियुक्त

1. सभासद दीपक जायसवाल पुत्र स्व0 रमेश जायसवाल नि0 ख्वाजगी टोला थाना कोतवाली जनपद जौनपुर

आपराधिक इतिहास

1. मु0अ0सं0—125६2020 ६ाारा 188६269 भादवि थाना कोतवाली जनपद जौनपुर
2. मु0अ0सं0—277६2020 ६ाारा 188६269 भादवि व 3 महामारी अधिनियम थाना कोतवाली जनपद जौनपुर
3. मु0अ0सं0—384६2020 ६ाारा 147६188६332६352 भादवि व 3 महामारी अधिनियम थाना लाइनबाजार जनपद जौनपुर
4. मु0अ0सं0—385६2020 ६ाारा 147६188६332६352 भादवि व 3 महामारी अधिनियम थाना लाइनबाजार जनपद जौनपुर
5. मु0अ0सं0—636६2019 ६ाारा 147६353६448६467६468६504६506 भादवि थाना कोतवाली जनपद जौनपुर
6. मु0अ0सं0 1913६2008 ६ाारा 143६504 भादवि व 3 सार्वजनिक सम्पत्ति क्षति0 नि0 अधिनियम थाना कोतवाली जनपद जौनपुर
7. मु0अ0सं0 7146६2013 ६ाारा 147६186६320६323६427६452६504६506 भादवि थाना कोतवाली जनपद जौनपुर
8. मु0अ0सं0—020६2024 ६ाारा 323६504६506 भादवि थाना कोतवाली जनपद जौनपुर
9. मु0अ0सं0—022६2024 धारा 353६504६509 भादवि थाना कोतवाली जनपद जौनपुर

# उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने संगठन के प्रदेश कार्यालय में साध्वी ऋतम्भरा जी की यात्रा का भव्य स्वागत किया

## आदर्श व्यापार मंडल ने राजधानी को राममय बनाने के लिए आलमबाग बाजार में व्यापारियों को रामध्वज बांटे

## आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने आई टी कॉलेज चौराहे को राम जी के ८ फिट उंचे कट आउट एवं झंडों से सजाया



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने राजधानी को राममय बनाने के लिए अपनी गतिविधियां और अधिक बढ़ा दी

शुक्रवार को उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने संगठन के अयोध्या रोड स्तिथ प्रदेश कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में साध्वी ऋतंभरा जी की अयोध्या यात्रा का भविष्य स्वागत किया व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने उन्हें अंग वस्त्र भेंट किया तथा शोभायात्रा पर व्यापारियों ने पुष्प वर्षा की

इस अवसर पर उत्तरी क्षेत्र के विध्ाायक डॉ नीरज बोरा विशेष रूप से मौजूद रहे तथा संगठन के प्रदेश महामंत्री शशिकांत शर्मा, ट्रांस गोमती प्रभारी मनीष पांडे, ट्रांसगोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम ,लखनऊ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव, श्याम सुंदर अग्रवाल, विवेक श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

तथा व्यापारियों ने जय श्री राम के उद्घोष किया।

इसके अतिरिक्त आलमबाग में लखनऊ आदर्श व्यापार मंडल के महामंत्री मोहित कपूर के नेतृत्व में आलमबाग बाजार में व्यापारियों को दुकान दुकान जाकर राम ध्वज वितरित किए गए।

इस अवसर पर लखनऊ के उपाध्यक्ष गोपाल जालान एवं प्रदेश के संगठन मंत्री सुमित कनोडिया मुख्य रूप से मौजूद रहे ।

तथा ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम की अगुवाई में आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने अयोध्या रोड के आई टी कॉलेज चौराहे को भव्य रूप से सजाया

पदाधिकारियों द्वारा आईटी कॉलेज चौराहे पर भगवान श्री रामचंद्र जी की 8 फीट की कट आउट लगाए गए तथा झंडा बैनर से चौराहे को सजाया गया।

# राम हमारी संस्कृति हैं, हमें उनके जीवन चरित से प्रेरणा लेकर कर्म पथ पर चलना चाहिए

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। पायनियर मोंटेसरी इंटर कॉलेज की एल्डिको शाखा में 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम चंद्र जी की प्राण प्रतिष्ठा के पावन ऐतिहासिक कार्यक्रम के उपलक्ष्य में राम जानकी जी की विशिष्ट पूजा अर्चना की गई।

रामायण के सुंदरकांड का संगीत एवं वाद्य यंत्रों के समूह में सभी ने सस्वर पाठ किया. इसी के साथ श्री राम के भजन गाए गए। इस पूरे भक्तिमय वातावरण में प्रबंधक डॉक्टर



ब्रजेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य शर्मिला सिंह , विद्यालय की समस्त शाखाओं की प्रधानाचार्या, शिक्षक – शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित थे।छात्र–छात्राओं ने अनेक श्री राम आधारित विभिन्न नृत्य प्रस्तुत किये. प्रबंधक बृजेन्द्र सिंह ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि राम हमारी संस्कृति है और हमे उनके जीवन चरित से प्रेरणा लेकर कर्म पथ पर चलना चाहिए . प्रसाद वितरण और तहरी भोज के साथ कार्यक्रम सम्पूर्ण हुआ ।

# श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के परिपेक्ष्य में संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। श्री जय नारायण मिश्र महाविद्यालय में श्री राम जन्मभूमि, अयोध्या में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के परिपेक्ष्य में संगीतमय सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के जिम्नेजियम हॉल में किया गया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं, शिक्षकों तथा कर्मचारियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। उल्लेखनीय है कि, महाविद्यालय में पिछले तीन दिनों से बृहद स्वच्छता अभियान, सज्जा अभियान एवं सांस्कृतिक प्रेरणा–जागरूकता कार्यक्रम का आह्वान किया जा रहा है। जिसमें छात्र–छात्राओं की प्रतिभागिता बहुत ही जोश और उत्साह के साथ दिखाई दी। आज आयोजित सुंदरकांड के समापन पर प्राचार्य प्रो विनोद चंद्रा ने श्री राम आरती एवं तदुपरांत हवन अनुष्ठान में महाविद्यालय का प्रतिनिध्ाित्व किया। सुंदरकांड के आयोजन में महाविद्यालय के छात्रों तथा पूर्व छात्रों ने भी बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। उल्लेखनीय है कि लगभग साढ़े पांच सौ वर्षो के संघर्ष के बाद अयोध्या ध्ााम में श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा की स्थापना होने जा रही है।

यह एक राष्ट्रीय चेतना एवं सांस्कृतिक उत्थान का प्रतीक है जिसमें प्रतिभागिता कर छात्र–छात्राओं ने अपने राष्ट्र और संस्कृति के प्रति अपने भाव सुमन प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर महाविद्यालय के मन्त्री प्रबंधक, जी सी शुक्ला, प्राचार्य प्रो विनोद चंद्रा, उपप्राचार्य, प्रो के के शुक्ला सहित संकायों के प्रभारी, विभागाध्यक्ष शिक्षक– शिक्षिकाएं, कर्मचारी गण तथा बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# बड़े परदे पर उठाइये बड़े उत्सव का आनंद !

## पीवीआर आइनॉक्स में राम मंदिर का ऐतिहासिक उद्घाटन देखिये

## इस प्रसारण के टिकिट रु 100 के रहेंगे, जिसमे एक पेय पदार्थ के साथ पॉपकॉर्न का कॉम्बो उपलब्ध कराया जाएगा




ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। भारत की अग्रणी मल्टीप्लेक्स चेन पीवीआर आइनॉक्स लि. ने 22 जनवरी, 2024 को राम मंदिर के ऐतिहासिक उद्घाटन के दौरान होने जा रहे प्राण–प्रतिष्ठा समारोह की स्क्रीनिंग अपने सिनेमा स्क्रीन्स पर करने की घोषणा की है। यह महत्वपूर्ण आयोजन भारत के लिये एक उल्लेखनीय सांस्कृतिक उपलब्धि है और देश में इसे लेकर बड़ा रोमांच है। पीवीआर आइनॉक्स भारत के 70 शहरों में अपने 160 सिनेमाघरों में इस भव्य समारोह का लाइव प्रसारण आज तक चौनल के साथ करेगी। पूरे धार्मिक समारोह की लाइव स्क्रीनिंग दोपहर 11 से 3 बजे तक होगी। टिकट पीवीआर आइनॉक्स ऐप या वेबसाइट और दूसरे प्लेटफॉर्म्स से बुक किये जा सकते हैं। ऐतिहासिक आयोजन को बड़े पर्दे पर देखने के लिये उत्सुक ज्यादा से ज्यादा लोग इस मौके का फायदा उठा सकेंगे। इस प्रसारण के टिकिट रु 100 के रहेंगे, जिसमे एक पेय पदार्थ के साथ पॉपकॉर्न का कॉम्बो उपलब्ध कराया जाएगा

पीवीआर आइनॉक्स लि. के को–सीईओ गौतम दत्ता ने इस महत्वपूर्ण अवसर पर अपना रोमांच व्यक्त करते हुए कहा, ष्इस तरह के भव्य एवं ऐतिहासिक अवसरों का अनुभव बड़े पैमाने पर किया जाना चाहिये। सिनेमा स्क्रीन्स देशभर में होने जा रहे उत्सव से जुड़ी भावनाओं को जीवंत कर देंगी। भक्तों को इस उत्सव के साथ सचमुच एक अनोखे तरीके से जोड़ना हमारे लिये खुशी की बात होगी। हमें उम्मीद है कि इससे मंदिर से जुड़े रोमांच को नई ऊर्जा मिलेगी। शुभ मंत्रों के उच्चारण और शानदार दृश्यों से भारत के समकालीन इतिहास के सबसे प्रतीक्षित क्षण का जादू बढ़ जाएगा। यादगार और मगन कर देने वाला सिनेमाई अनुभव देने के लिये हमारी प्रतिबद्धता मनोरंजन से कहीं बढ़कर है। और हमें अपने लोगों के साथ इस ऐतिहासिक क्षण को साझा करने का इंतजार है।''

इंडिया टुडे ग्रुप के ग्रुप सीईओ दिनेश भाटिया कहते हैं, "आज तक पर ऐतिहासिक क्षणों पर सबसे आगे रहने की हमारी प्रतिबद्धता अटूट बनी हुई है। अद्वितीय स्पष्टता और गहराई के साथ, हम ऐसी खबरें देते हैं जो मायने रखती हैं, जिन्हें सभी विश्वसनीयता और विश्वास के लिए स्थायी विकल्प के रूप में देखते हैं। पीवीआर आईनॉक्स के साथ सहयोग हमारे मिशन को नई ऊंचाइयों पर ले जाता है, और इस तरह के महत्वपूर्ण आयोजनों के दौरान भारत में लाखों लोगों को जोड़ता है। चाहे वह अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा हो या अन्य महत्वपूर्ण क्षण, आजतक विश्वसनीय कवरेज और एकजुटता की भावना चाहने वालों के लिए पथप्रदर्शक बना हुआ है।श्

पीवीआर आइनॉक्स अपने लोगों को अपनी बड़ी–बड़ी स्क्रीन्स पर इस ऐतिहासिक मौके का गवाह बनने के लिये बुला रही है। पीवीआर आइनॉक्स एक शानदार अनुभव की पेशकश करने जा रहा है, जिसमें राम मंदिर के उद्घाटन की भव्यता और महत्व का वर्णन होगा। यह अनूठा अवसर दर्शकों को एक साथ आने और इसके ऐतिहासिक महत्व के अनुसार बड़े पैमाने पर सांस्कृतिक उपलब्धि का उत्सव मनाने के६ लिये आमंत्रित कर रहा है।

ज्यादा जानकारी पाने और लाइव स्क्रीनिंग के टिकट बुक करने के लिये पीवीआर आइनॉक्स की ऑफिशियल वेबसाइट https://www-pvrcinemas-com/ पर जाएं।

# प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नभ जल थल से सुरक्षा कर्मी कर रहे निगरानी

अयोध्या। प्राण प्रतिष्ठा को राम नगरी पूरी तरह से छावनी में तब्दील हो गई है। यहां तक कि अयोध्या की निगरानी आसमान,जल व थल से सुरक्षा कर्मी कर रहे हैं।मुख्य स्थानों व मार्गों को छोड़िए यहां तक कि गलियों, मकानों के छतों, दुकानों के आसपास सुरक्षाकर्मियों का का पहरा है।और भी क्यों न सोमवार को पांच सौ वर्षों से तंबू व जंगल में रहने वाले प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा प्रध्ाानमंत्री नरेंद्र मोदी भव्य दिव्य व अलौकिक मंदिर में शुभ मुहुर्त के मुताबिक करेंगे।इस दौरान कोई खलल न उत्पन्न हो इसके लिए चप्पे–चप्पे पर सुरक्षा कर्मियों ने अपना मोर्चा संभाल लिया है। यहां तक कि सुरक्षा की दृष्टि से जहां एक ओर वाच टावर पर चढ़े जवानों ने अपनी मोर्चा संभाल लिया है वही सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन कैमरा तथा हेलिकॉप्टर से भी सुरक्षा कर्मियों द्वारा अयोध्या पर नजर



रखी जा रही है।लता मंगेशकर चौराहा, सरयू नदी के किनारे कच्चा घाट, पक्का घाट,राम की पैड़ी, हनुमान गढ़ी, जानकी महल ट्रस्ट, राम जन्मभूमि परिसर के मुख्य द्वार, चूड़ामणि चौराहा, साकेत महाविद्यालय के सामने,उदया चौराहा,फटिक शिला सहित तमाम स्थान सुरक्षा कर्मियों के घेरे में है। इध्ार से गुजरने वाले लोगों पर इन सुरक्षा कर्मियों की पैनी नजर बनी हुई है।आंशका यही जताई जा रही है कि संभवतः रविवार की शाम को ही प्रध्ाानमंत्री नरेंद्र मोदी राम नगरी आ सकते हैं।जिसको लेकर सुरक्षा व्यवस्था शुक्रवार की अपेक्षा और सख्त हो गई है। राम नगरी में चप्पे–चप्पे पर एटीएस,एनएसजी, रैपिड एक्शन फोर्स, सीआरपीएफ, पीएसी, खूफिया तंत्र, स्थानीय खूफिया एजेंसी, अग्निशमन दस्ता,जल पुलिस, एनडीआरएफ सहित अन्य विंग के जवान पूरी तरह से मुस्तैद दिखाई दे रहे थे।वही पुलिस विभाग के आलाधिकारी पल पल की जानकारी लेते हुए दिखाई देते दिये।सरयू नदी में मे जल पुलिस ने भी अपनी कमान संभाल लिया है और सरयू नदी पर सख्त निगरानी की जा रही है।इस मौके पर किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ की टीम पूरी तरह से मुस्तैद दिखाई दे रही थी।प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए पुलिस जगह जगह पर बैरियर व बैरिकेडिंग लगाकर रात दिन चेकिंग अभियान चला रही है।चेकिंग के दौरान उन्हीं लोगों को राम नगरी में दिया जा है जो परिचय पत्र के मुताबिक राम नगरी के निवासी हो।वही सुरक्षा व्यवस्था की जायजा लेते हुए लखनऊ से आये जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के उच्चाध्िाकारियों के अलावा कमिश्नर गौरव दयाल,डीएम नीतीश कुमार,आईजी रेंज प्रवीण कुमार, सहित अन्य आला अध्िाकारी दिखाई दिये।

# जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट पांच घायल

## युवक की स्तिथि गम्भीर देख ट्रामा सेंटर रेफर

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। गौरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के तारा दलित बस्ती में शनिवार की सुबह जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले जिसमें दोनों पक्षों से कुल पांच लोग घायल हो गए गांव के रहने वाले राम अवध और लालजीत के बीच जमीन विवाद कई मन से चल रहा था शनिवार की सुबह दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए जिसमें एक पक्ष से युवराज पुत्र मानिक राज उम्र 16 वर्ष और निर्मला 59 और उनके पति राम अवध 62 और रविन्द्र 35 को चोट आई तो दूसरे पक्ष से लालमन 35 के पैर में चोट आई गंभीर रूप से घायल युवराज को चिकित्सको ने इलाज हेतु जिला अस्पताल से ट्रामा सेंटर भेज दिया इस बारे में थानाध्यक्ष चंदन राय का कहना है कि मामले की जानकारी नही है तहरीर मिलने पर उचित कार्यवाही होगी।

# बीजेपी सरकार की नीतियों से ऊब चुकी है जनता–राकेश

लखनऊ, समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल का गठबंधन पूरी तरह मजबूत है। इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव में यूपीए को मुंहतोड़ जवाब देगा। अखिलेश और जयंत की जोड़ी यूपी में अपनी ताकत का अहसास करा देगी। बीजेपी सरकार की नीतियों से जनता ऊब चुकी है। यह सरकार न किसानों की हितैषी है न नौजवानों की,गरीब और शोषित वर्ग की उपेक्षा हो रही है।

# श्री शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के वृहद रोजगार मेला मे १०० से ज्यादा कंम्पनियां और १० लाख से ज्यादा का पैकेज मिला



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ गोसाईगंज,श्री शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन व क्षेत्रीय सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वाधान मे वृहद रोजगार मेला का आयोजन श्री शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के गोसाई गंज लखनऊ स्थित कैंपस मे दिनांक 20 जनवरी 2024 को किया गया। रोजगार के इस वृहद आयोजन मे 100 से भी ज्यादा प्रमुख कंपनियों ने भाग लिया। इस मेगा जाब फेयर मे अधिकतम सेलरी पैकेज दस लाख रूपऐ का मिला। 5000 से ज्यादा प्रतिभागियों ने रोजगार के लिए विभिन्न कम्पनियों मे इंटरव्यू दिया। जाब देने वाली कंपनियों मे एचडीएफसी बैंक, ज्ञान डेयरी, अशोक लेलैंड, वायजूस, सोनाटा फायनेंस, बीएसएन इन्फोटेक, एचसीएल, स्टार टेक, स्योर एनर्जी, पीएनबी मेट लाईफ, एजिज, रिलायंस स्मार्ट मनी डाट काम, एल एन टी, एस यू डी लाईफ इंस्योरेंश डेकिन, गो डिजिट, तरावी इलेक्ट्रिकल, डीकिन, यूडी लाइफ इंश्योरेंस और गो डिजिट आदि कंपनिया प्रमुख रूप से उपस्थित थी। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे अमरेश कुमार रावत, विध्ाायक मोहनलाल गंज जी उपस्थित थे। उनके साथ अतिथियों श्री पी के पुण्डीर अपर निदेशक प्रशिक्षण एंव सेवायोजन, अशोक कुमार प्रजापति क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी आदि उपस्थित थे। इसके साथ संस्थान के चेयरमैन इन्द्र बहादुर सिह एवं वायस चेयरमैन निरमेश सिह व डीन प्रोफेसर विवेक मिश्रा जी भी उपस्थित थें। कार्यक्रम की शुरूवात मुख्यअतिथि के माल्यापर्ण, दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम मे आऐ हुए प्रतिभागियों ने बडी उत्साह से नौकरियों के लिए इंटरव्यू दिया। नौकरी मिलने की खुशी युवाओं के चेहरें पर साफ दिख रही थी। इस रोजगार मेले में अन्य राज्यों के साथ लखनऊ के सभी कॉलेजों के छात्र भी शामिल हुए। छात्रों के लिए श्री शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन व क्षेत्रीय सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार का ये आयोजन शहर का सबसे बडा रोजगार मेला रहा। जिसमे आने वाली कंपनियां व प्रतिभागी सभी खुश नजर आए।

# भाजपा ने घर-घर कुंडी खटकाकर भगवा पताका वितरित कर हर घर में भगवा फहराया : अजीत सिंह बब्बन





हरदोई (अंबरीष कुमार सक्सेना)। रामनगरी अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलाल के विग्रह प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी के लिए जहां प्रत्येक हिंदू मानस उत्साह से भरा हुआ है तरह–तरह की तैयारी कहीं रामायण पाठ, सुंदरकांड पाठ, राम कथा, कहीं भंडारे का आयोजन, भजन संध्या आदि के आयोजन हो रहे हैं। इसके साथ ही सभी लोग नगर गांव को स्वच्छ बनाने में जुटें हैं तो कहीं घरों प्रतिष्ठानों भगवा पताका फहराकर सब अपने को प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान से जोड़ रहे हैं।

इस अद्भुत माहौल के बीच आज भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने जिला कार्यालय पर भगवा राम पताका फहराकर गंगानगर कॉलोनी में भी घर–घर कुंडी खटकाकर भगवा पताका वितरित कर हर घर में भगवा फहराया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा ओम वर्मा सत्येंद्र राजपूत जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक अरविंद शुक्ला आजाद भदोरिया भानु सिंह सत्यम शुक्ला हर्षित मिश्रा सनी छोटू आशीष सोलंकी आदि मौजूद रहे।

# जिसका शासन उसके साथ ताकि हो स्थानीय निकायों का विकास




ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊः अर्बन एण्ड रूरल पार्टी का द्वितीय स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम० जुनैद अंसारी ने प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुये कहा कि पार्टी का उद्देश्य है कि चाहे कोई भी दल, पार्टी या समूह से हो उनकी भावनाओं को ध्यान में रखते हुये मानव से मानवीय मूल्यों पर समाज के सभी वर्गों को राष्ट्रीयता की भावना में रंगते हुये ऐसे भारत के निर्माण की शुरूआत करना जिसमें सर्व समाज के सम्मान व स्वाभिमान को प्राथमिकता देने वाली जन भावनाओं के अनुरूप मानववादी लोकतांत्रिक शासन व प्रशासन की व्यवस्था सुनिश्चित हो, निश्चित रूप से ऐसी व्यवस्था को लाने की प्रत्येक भारतवासियों की हिस्सा होगी। हमारी पार्टी इस पर लोगों को जागरूक कर लगातार कार्य कर रही है। पार्टी का दूसरा उद्देश्य स्थानीय निकायों को शसक्त और स्वावलम्बी बनाने का है, क्योंकि पार्टी का मानना है कि यदि वार्ड स्वच्छ होगा तो शहर स्वच्छ होगा। शहर स्वच्छ होगा तो प्रदेश व देश का मान सम्मान और दमक बढ़ेगी। यही कारण है कि मेरी पार्टी प्रदेश में विशेषकर लखनऊ मण्डल में जागरूकता संगोष्ठियाँ के अन्तर्गत स्वच्छता पखवाड़ा कर रही है तथा पार्टी का लक्ष्य है कि आने वाले समय में स्थानीय निकायों के स्वावलम्बन पर रणनीति बनाकर कार्य करेगी और प्रत्येक नगर व ग्रामवासी को मान–सम्मान दिलायेगी। इसलिये हमारी पार्टी का स्लोगन है षजिसका शासन उसके साथ ताकि हो स्थानीय निकायों का विकास

इस अवसर पर अध्यक्ष स्थानीय निकाय सेल के डी०के० अवस्थी ने कहा कि लोकतंत्र में व्यवस्था तभी बदलती है जब आमजन सचेत हो जाये। यह पार्टी समतावादी नैतिकता तथा मानवतावादी लोकतांत्रिक जीवन मूल्यों में गहरी आस्था रखती है और इसी आध गर पर दिन प्रतिदिन आगे बढ़ रही है। अन्त में प्रेस से बात करते हुये पार्टी के महासचिव व अधि ावक्ता ए० रूशदान ने कहा कि–भारतीय संविधान की प्रस्तावना में निहित प्राविधानों की मूल आत्मा के अनुरूप पार्टी सामाजिक न्याय के लक्ष्य के प्रति पूर्ण रूप से कटिबद्ध है। देश व प्रदेश के लोग सहनशील है तथा सहनशीलता की राह पर चलकर सामाजिक न्याय को प्राप्त किया जा सकता है। इसलिये मैं अपील करता हूँ कि आईये अपने हक अधिकार व हिस्सेदारी लेने के लिये अर्बन रूरल पार्टी का साथ दें।

# जमीनी विवाद में चली चाकू घायल युवक की वाराणसी जाते समय रास्ते में मौत



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। बक्शा थाना क्षेत्र के बरपुर गांव में शुक्रवार की रात जमीनी विवाद में पड़ोसी ने चाकू मार कर एक युवक को बुरी तरह घायल कर दिया। घायल युवक को इलाज हेतु वाराणसी ले जाते समय रास्ते में युवक की मौत हो गयी। मृतक के चाचा की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है। उक्त गांव निवासी राजनाथ गौतम का पड़ोसी लालबहादुर गौतम से जमीनी विवाद चल रहा था। उसी बात को लेकर दोनों पक्षों में रात को विवाद हो गया। विवाद के दौरान विपक्षी लालबहादुर पक्ष द्वारा चाकू निकालकर राजनाथ के 23 वर्षीय पुत्र अंकित गौतम को चाकू मार दिया। चाकू लगते ही अंकित जमीन पर गिर पड़ा, गंभीर रूप से घायल युवक को परिजन नौपेड़वा सीएचसी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने स्थिति गम्भीर देख जिला अस्पताल रिफर कर दिया। उधर जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों ने बेहतर उपचार हेतु वाराणसी भेज दिया जहां रास्ते में उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना पर पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करतें हुए आरोपी लालबहादुर व उसके पुत्र सुरेन्द्र गौतम व वीरेन्द्र गौतम को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को इस मामले में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के चाचा अमरनाथ गौतम की तहरीर पर मुकदमा लिख कर कार्यवाही की जा रही है।शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है।रिपोर्ट आने पर अन्य विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने रिश्वत वसूलने वाले कांस्टेबिल को निलंबित कर दिया



हरदोई (अंबरीष कुमार सक्सेना) एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने युवक से कोतवाली जबरन फोन–पे से 45 सौ रुपये की रिश्वत वसूलने वाले कांस्टेबिल को निलंबित कर दिया है। मामला कोतवाली बिलग्राम का है। इस तरह से रिश्वत वसूलने की शिकायत आने के बाद एक्शन में आए एसपी के इस कदम से महकमें में खलबली मची हुई है।

बताते चलें कि बिलग्राम कोतवाली के बरगावां निवासी राजीव कुमार शुक्ला पुत्र हरिशंकर शुक्ला सोमवार को अपनी मौसी के घर बेहटी खुर्द से वापस लौट रहा था। उसी बीच रास्ते में मिले कुछ लोग उससे गाली–गलौज करते हुए झगड़ने लगे। उसी बीच वहां तीन कांस्टेबिल पहुंच गए। राजीव कुमार शुक्ला का कहना है कि उसे कोतवाली लाया गया, जहां उसकी 10 हजार वाला मोबाइल जमा कर धारा 151 में चालान कर दिया गया। तहसील से निजी मुचलके पर छूट कर जब कोतवाली मोबाइल लेने पहुंचा,तो वहां मौजूद कांस्टेबिल ने उससे पांच हजार की रिश्वत मांगी। बकौल राजीव, उसने नगद रुपये न होने का हवाला दिया तो एक कांस्टेबिल ने उससे जबरन उसका सीक्रेट कोड नंबर पूछा और फोन–पे कर 45 सौ रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए।

राजीव कुमार शुक्ला की इस शिकायत पर एक्शन में आए एसपी गोस्वामी ने बिलग्राम कोतवाली में तैनात कांस्टेबिल हर्षित कुमार को निलंबित कर दिया है। एसपी के इस कदम से उसके हमराही कांस्टेबिल भी घबराए हुए हैं। एसपी के इस एक्शन के बाद उनके ऊपर भी एक्शन होना लाजिम माना जा रहा है। फिलहाल पुलिस महकमें में खलबली मची हुई है।

# सड़क दुर्घटना में युवक घायल युवक की मौत



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर । शाहगंज कोतवाली थाना क्षेत्र के अर्सिया मोड के समीप शुक्रवार रात रोड पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद राहगीरों ने पुलिस को सूचना देकर उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। सरपतहां थाना क्षेत्र के डेहरी कटका गांव निवासी दिनेश यादव (48)पुत्र भारत यादव अर्सिया मोड स्थिति ढाबे पर भोजन करने के पश्चात पैदल रोड पार कर रहे थे। रोड पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देकर उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक लिखा–पढ़ी करते हुए पोस्ट मार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया।मौत की खबर सुनकर परिजनों मे कोहराम मच गया। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक आदेश त्यागी का कहना है कि सडक दूर्घटना में मौत मामला संज्ञान में आया है। तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई की जा रही है।

# राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता के पहले दिन लखनऊ छाया

मृत्युंजय प्रताप सिंह पत्रकार

राजधानी लखनऊ रूयूपी ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा 36वीं यूपी स्टेट ताइक्वांडो चौंपियनशिप का सफल आयोजन किया गया। चौंपियनशिप का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीजी यूपी पुलिस श्री प्रकाश डी. आईपीएस ने ग्रैंड मास्टर डॉ जिम्मी आर. जगतियानी श्भारत में ताइक्वांडो के जनक और संस्थापकश की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित करके किया। चौंपियनशिप के दौरान तकनीकी अध्यक्ष – ग्रैंडमास्टर पीटर जगतियानी, राष्ट्रीय खिलाड़ी मनोज वर्मा और अध्यक्ष प्रचार विंग– ग्रैंड मास्टर गौरव सिंह चौहान भी उपस्थित थे।




श्री प्रकाश डी आईपीएस ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें संबोधित किया और उन्हें एक मार्शल आर्ट के रूप में और आत्मरक्षा के लिए तायक्वोंडो के महत्व के बारे में बताया, यह लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए जरूरी है और सभी इसे सीखें और ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लें और इस क्षेत्र में आगे बढ़ें।

ग्रैंड मास्टर डॉ जिम्मी आर. जगतियानी ने बताया कि इस राज्य चौंपियनशिप के स्वर्ण और रजत पदक विजेता 2024 की आगामी राष्ट्रीय चौंपियनशिप में यूपी राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

आज के परिणाम

वरिष्ठ पुरुष – 54 किलोग्राम भार वर्ग से कम (प्रांजल साहू, लखनऊ, स्वर्ण पदक, शिव गोस्वामी, मिर्जापुर – रजत पदक)

कैडेट महिला – 37 किग्रा से कम भार वर्ग (भूमि गौतम, लखनऊ– स्वर्ण पदक। पलक सिंह, लखनऊ, रजत पदक)

शिशु पुरुष – 23 किलोग्राम से कम भार वर्ग (पार्थ, लखनऊ – स्वर्ण पदक, सात्विक मिश्रा, लखनऊ – रजत पदक, प्रसिद्ध वर्मा, लखनऊ – कांस्य)

सब जूनियर महिला – 26 किग्रा से कम – आरोही गुप्ता, लखनऊ – स्वर्ण पदक, 38 किग्रा से कम – राभ्या मिश्रा, लखनऊ – स्वर्ण पदक।

# अभाकाम द्वारा 22 जनवरी को विशाल महाप्रसाद वितरण का आयोजन



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर भगवान श्री राम लला मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा 22 जनवरी को अयोध्या में की जा रही है इसको लेकर पूरा देश उत्साहित है ऐसे में जनपद जौनपुर में भी तमाम तरह के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं इस क्रम में 22 जनवरी को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव के नेतृत्व में विशाल प्रसाद वितरण समारोह का आयोजन पॉलीटेक्निक चौराहे पर किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष इन्द्रसेन श्रीवास्तव सहित समस्त पदाधिकारियों ने ज्यादा से ज्यादा लोगो से अपील किया है कि उक्त महाप्रसाद वितरण समारोह में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर अपने जीवन को सफल बनाएं।

# 22, 23 तथा 24 जनवरी को आयोजित होगी विशेष लोक अदालत

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर 20 जनवरी – सिविल जज सी0डि0ध्प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अवगत कराया है कि माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधि ाकरण, नई दिल्ली व कार्यपालक अध यक्ष, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधि ाकरण के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष, जिला विधि ाक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के निर्देशन में एन0आई0एक्ट की धारा–138 के अन्तर्गत लम्बित मामलों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन 22, 23 तथा 24 जनवरी 2024 को किया जा रहा है। वादकारीगण न्यायालय में आकर विशेष लोक अदालत में एन0आई0एक्ट की धारा 138 के मामलों का सुलह–समझौतें के आधार पर निस्तारण कराकर लोक अदालत का लाभ प्राप्त कर सकते है।

# 22 जनवरी को मांस–मछली के विक्रय पूर्णतया प्रतिबन्धित : जिलाधिकारी

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर 20 जनवरी। निदेशक प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश के क्रम में जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने बताया है कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि परिसर में बने मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यकम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए 22 जनवरी 2024 को प्रदेश में मांस–मछली के विक्रय को पूर्णतया प्रतिबन्धित किये जाने का निर्णय लिया गया है। जिसके क्रम में उक्त तिथि को जनपद जौनपुर में भी मांस – मछली के विक्रय हेतु पूर्णतया प्रतिबंध लगाया गया है।

# राजकीय आईटीआई लखनऊ में रोजगार दिवस 23 को

संवाददाता

लखनऊ। आईटीआई अलीगंज के राज कुमार यादव प्रधानाचार्य ने बताया कि 23 जनवरी को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज लखनऊ में रोजगार दिवस का आयोजन होगा जिसमें 24 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। एमए खाँ ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर ने बताया कि रोजगार दिवस में 24 कम्पनियाँ प्रतिभाग करेंगे जिसमें 1953 रिक्तियाँ है जिसमें हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा स्नातक पास अथवा कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त किया हो तथा जिसकी आयुसीमा 18 से 35 वर्ष हो वे ही प्रतिभाग कर सकते है। वेतन रूपये 8,000 से 21,750 प्रति माह एवं अन्य सुविधाएं कम्पनी द्वारा दिया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों को संलग्न करते हुए प्रातः 09 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज लखनऊ परिसर में उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते है।

# 50 फीसदी छात्र हल नहीं कर पाते गणित के सामान्य सवाल

संवाददाता

लखनऊ, ग्रामीण क्षेत्रों में 50 प्रतिशत से अधिक युवा गणित के सामान्य सवाल हल करने में पिछड़ते हैं। 14 से 18 आयु वर्ग के 25 प्रतिशत छात्र ऐसे हैं, जो कक्षा दो की क्षेत्रीय भाषा की पुस्तक पढ़ने में असमर्थ हैं। करीब 43 प्रतिशत छात्र अंग्रेजी के वाक्य पढ़ने में असमर्थ हैं। यह जानकारी श्वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट श्असर 2023श में दी गई है। 90 प्रतिशत से अधिक युवा स्मार्टफोन और सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं। भारत में सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर को बताने वाली यह रिपोर्ट श्असर 2023श जारी की गई है। असर रिपोर्ट के लिए 26 राज्यों के 28 जिलों में 14 से 18 आयु वर्ग के 34745 बच्चों पर सर्वेक्षण किया है। असर के मुताबिक, देशभर में 86.8 प्रतिशत बच्चो ने शैक्षणिक संस्थानों में दाखिला लिया है। आयु के अनुसार नामांकन में कुछ अंतर है। 14 वर्ष के 3.9 प्रतिशत और 18 वर्ष के 32.6 प्रतिशत युवाओ का किसी शैक्षणिक संस्थान में दाखिला नहीं है और वे पढ़ाई नहीं कर रहे हैं जबकि 14 साल के 96.1 फीसदी छात्रों ने शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश लिया था। 18 की आयु में यह प्रतिशत गिरकर 67.4 फीसदी हो गया। यानी की 14 से 18 वर्ष की आयु के बीच बड़ी संख्या में स्कूल ड्रॉप आउट हुआ है रिपोर्ट के मुताबिक स्टेम एरिया यानि साइंस, मैथ, इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी में अब लड़कों का रुझान बढ़ रहा है। देश में 36.3 फीसदी लड़के इन विषयों में पढ़ाई कर रहे हैंजबकि लड़कियो का आंकड़ा महज 28.1 फीसदी है। उच्च शिक्षा में ओवरऑल लड़कियां आगे हैं। 14 से 18 आयु वर्ग में सबसे अधिक छात्र कला या मानविकी स्ट्रीम में पढ़ाई करते हैं। कक्षा 11 व 12 के 54 फीसदी छात्र कला और मानविकी में, 9.3 फीसदी वाणिज्य और 33.7 फीसदी ने विज्ञान में अपना नामांकन कराया है। रिपोर्ट के अनुसार अंग्रेजी और गणित में लड़के,लड़कियां से बेहतर रहे हैं।षशिक्षा मंत्रालय कौशलविकास पर काफी जोर दे रहा है लेकिन स्कूलों में कौशल विकास आधारित कोर्स छात्रों के बीच लोकप्रिय नहीं हैं। रिपोर्ट बताती है कि केवल 5.6 प्रतिशत युवा ही प्रोफेशनल कोर्स में दाखिला ले रहे हैं। हालांकि उच्च शिक्षा में तस्वीर कुछ बेहतर है, यहां 16.2 प्रतिशत छात्रों ने सामान्य पढ़ाई के साथ प्रोफेशनल कोर्स में दाखिला लिया है। कॉलेज में छह महीने वाले स्किल कोर्स सबसे अधिक पसंद किए गए हैं।रिपोर्ट बताती है कि छात्रों के बीच स्मार्टफोन का उपयोग बढ़ा है। अब करीब 92 प्रतिशत छात्र स्मार्टफोन का उपयोग कर रहे हैं।

# गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम जिला मुख्यालय तक सीमित नहीं रहना चाहिये : मुख्य सचिव

संवाददाता

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध यम से समस्त मण्डलायुक्तों, जिलाधि ाकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि सभी जनपदों में 75वें गणतंत्र दिवस समारोह को परम्परातगत रूप से सादगी एवं आकर्षक ढंग से मनाया जाये। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में जनपद में हुए अच्छे कार्यों को प्रदर्शित किया जाये। इसके अलावा देश व प्रदेश में होने वाले परिवर्तन, लोकहित में संचालित कार्यक्रमों, पंच प्रण, विकसित भारत संकल्प यात्रा, अमृत काल आदि के बारे में जानकारी दी जाये व झांकियां निकाली जायें। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम जिला मुख्यालय तक सीमित नहीं रहना चाहिये। हर गांव व शहर में उल्लास एवं सम्मान के साथ झण्डारोहण होना चाहिये। इससे लोगों में देश भक्ति की भावना बढ़ेगी। 24 से 26 जनवरी तक प्रदेश के समस्त जनपदों में यूपी दिवस के कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं, इसे भी गणतंत्र दिवस के साथ जोड़ सकते हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस के बारे में झांकी भी निकाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि 22 से 26 जनवरी तक सभी शासकीय भवनों को प्रकाशमान किया जाये। इसके अलावा 14 से 21 जनवरी तक सफाई अभियान चलाया जा रहा है। 26 जनवरी को भी सभी जगह सफाई व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहनी चाहिये। उन्होंने कहा कि झण्डारोहण कार्यक्रम एवं परेड की सलामी के लिये विधान परिषद के मा0 सभापति, मा0 उप सभापति, विध ाान सभा के मा0 अध्यक्ष अथवा केन्द्रीय व प्रदेश सरकार के मंत्री जनपद में उपस्थित होने पर उन्हें आमंत्रित किया जाये। यदि वे उपस्थित न हो, तो परेड की सलामी मण्डलायुक्त अथवा जिलाधिकारी द्वारा ली जाये।उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा सेना अथवा पुलिस बल के शहीदों के आश्रितों को ससम्मान आमंत्रित किया जाये और उन्हें कार्यक्रम में सम्मानित भी किया जाये। इसके अलावा इस दिन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा सेना अथवा पुलिस बल के शहीदों के नाम पर सड़क का नामकरण कर सकते हैं। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राण–प्रतिष्ठा समारोह, यू0पी0 दिवस व गणतंत्र दिवस समारोह में छोटी सी भी घटना घटित न होने पाये इसके लिये जिला एवं पुलिस प्रशासन अलर्ट रहे। इस मौके पर पुलिस महानिदेशक श्री विजय कुमार ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राण–प्रतिष्ठा समारोह, यू0पी0 दिवस व गणतंत्र दिवस समारोह के दृष्टिगत सभी जनपदों में पुलिस प्रशासन द्वारा सतर्कता बरती जाये। रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, ढाबों सहित भीड़–भाड़ वाले सभी स्थलों की बम निरोधक दस्तों व स्निफर डाग स्क्वायड द्वारा सरप्राइज चेकिंग की जाये।

हिन्दी सान्ध्य दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित ।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।